13- May- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 5/13/2024 8:12 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 32.2 डिग्री


# हरिभूमि जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 14 मई 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


4

**प्रतिबंध के बाद भी लोग पहुंच रहे पचाधारी एनीकट, एसपी से शिकायत**




**प्रवेश सूचना**

BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा

DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन

D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000

**बवासीर का आधुनिक इलाज**

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा

भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल

लायंस चौक, चाम्पा

**गुप्ता हॉस्पिटल**

**डॉ. शुभम् गुप्ता**

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें :- 7400009183


## विभागीय उपेक्षा का शिकार को रहे ग्रामीण

# किसानों ने नहर की सफाई कर खेतों तक पहुंचाया पानी..!

जिले के सबसे बड़े धान उत्पादन के नाम से मशहूर कोतबा क्षेत्र के किसान को खमगड़ा जलाशय परियोजना के विस्तार नही होने के कारण परिपक्व हो चुके धान की फसल के लिये चार किलोमीटर की सफाई कर अपने खेतों में पानी पहुचाना पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

यह स्थिति इसलिये निर्मित हुई क्योंकि जलसंसाधन विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन नही करता.विभागीय अधिकारी बस ऑफिसों में बैठकर अपने कार्य कर रहे है.जबकि सिंचित क्षेत्रों में पानी की समस्याओं को लेकर गंभीर नही है।

रविवार को कोतबा बैगाबहार के दो दर्जन किसान चिलचिलाती धूप में नहरों की सफाई करते देखे गये. जब उनसे बातचीत की गई तो उन्होंने विभाग पर आरोप मढ़ते हुये कहा कि विभागीय उदासीनता के कारण निर्माण के डेढ़ दशक बाद भी नहरों की पिचिंग कार्य नहीं हुये है.जिसके कारण उन्हें इसका समुचित लाभ नही मिलता.उनका कहना है कि कई बार उनके कड़ी मेहनत के फसल पानी के अभाव में मर जाते हैं. जिसे उन्हें मवेशियों के हवाले करना पड़ता हैं।



अपने खेतों तक पानी पहुंचाने नहर की सफाई करते किसान।

### करोड़ों खर्च शासकीय राशि का दुरूपयोग..!

किसानों ने बताया कि प्रतिवर्ष महात्मा गांधी रोजगार योजना अंतगर्त करोड़ो रूपये से नहर की औपचारिक मिट्टी की कटाव और साफ सफाई किया जाता हैं. लेकिन जब पानी सप्लाई की जाती है तो घास और बड़े बड़े खरपतवार उग जाते है उसके साथ ही मिट्टी बहकर जमा हो जाने से दूरी क्षेत्र में खेती करने वाले किसानों को सूखेपन के मुसीबतों से गुजरना होता है.किसानों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुये कहा कि जितनी राशि जलसंसाधन विभाग द्वारा मनरेगा से कार्य कराये गये हैं. इतने वर्षों में उतनी राशि से नहर का पिचिंग कार्य पूर्ण हो जाता लेकिन मनरेगा के रुपयों का बंदरबाट किया गया है.स्थाई समाधान नहीं होने के कारण किसानों को खेती के शुरुआत से अंतिम दिनों तक दिन रात पहरा देकर पानी अपने खेतों तक पहुचाने की मजबूरी बनी रहती है।

### किसानों की मेहनत से 1400 हेक्टेयर में होती है सिंचाई

कोतबा क्षेत्र खमगड़ा जलाशय योजना के बदौलत खेत में लहलहा रहे धान की फ़सल से क्षेत्र हरियाली से गुलजार नजर आ रहा है। लेकिन इसके पीछे की हकीकत किसानों की मेहनत है। विभागीय उदाशीनता का नजारा ये है कि वर्ष 2005 में बने खमगड़ा जलाशय परियोजना आज तक विभाग की फाइलों में टेस्टिंग में चल रहा है।यदि इसकी पक्की पिचिंग का कार्य पूरा होता तो किसानों को नहर सफाई की जरूरत ही नही पड़ती और लाभ किसानों को भरपूर मिलता यहाँ के किसान खुद की मेहनत से 720 हेक्टेयर की क्षमता वाले इस बांध का लाभ अब दोगुने क्षेत्र में लिया जा रहा है। विभाग के मुताबिक लगभग 1400 हेक्टेयर में लोग लाभ ले रहे है। लेकिन सुविधाओं से यहाँ के किसान आज भी वंचित हैं।

### गंभीर विषय

किसानों द्वारा नहर सफाई की स्थिति बनना गंभीर विषय है। संबंधित एसडीओ को तत्काल भेजकर जाँच कर समुचित व्यवस्था करने निर्देशित करता हूं।

-विजय जामनीक
ई ई जलसंसाधन विभाग जशपुर

## खबर संक्षेप

### सरगुजा पुलिस ने 141 प्रकरण में वसूला 83 हजार का चालान

**अंबिकापुर।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। सरगुजा पुलिस द्वारा शनिवार को 6 प्वाइंट पर 50 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को तैनात कर कार्रवाई की है। शहर के बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, लरंग साय चौक, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, देव होटल तिराहा पर कार्रवाई के दौरान कुल 141 प्रकरण दर्ज कर 83 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात करने वाले 14 वाहन चालकों से 42 सौ रुपए, वाहनों के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं पर 24 वाहन चालकों से 72 सौ रुपए, असंवैधानिक पार्किंग के मामले में 3 प्रकरण दर्ज कर 11 सौ रुपए, दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने पर 7 प्रकरण दर्ज कर 35 सौ रुपए, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 4 वाहन चालकों से 8 हजार रुपए, सार्वजनिक सेवा के वाहनों मे वाहन चलाते समय निर्धारित ड्रेस ना पहनने पर 3 वाहन चालकों से 900 रुपए का सामान शुल्क वसूल किया गया।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर सरगुजा पुलिस ने पुनः कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसपी के निर्देश पर सोशल मीडिया पर महिलाओं व बच्चों की अश्लील वीडियो, फोटो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी एनसीआरबी दिल्ली से प्राप्त साइबर टीप लाईन के आधार पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की गई हैं। उयदपुर पुलिस ने झिरमिटी निवासी 24 वर्षीय रुस्तम को चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व सिम जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 509(ख), 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, सोमार साय, आरक्षक सुरेन्द्र बारी, देवेंद्र सिंह शामिल रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम पनसवा निवासी दिलसाय आ. हृदय साय (45 वर्ष) शुक्रवार को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन दिलसाय को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक के उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## एसपी ने ली व्यापारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शहरी क्षेत्र में लगातार बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने स्थानीय व्यापारी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। 15 मई को एसपी एक बार फिर बैठक लेंगे।

बैठक में यातायात और नगर पंचायत की टीम द्वारा संयुक्त रूप से व्यापारिक मार्गों समेत अन्य रास्तों का निरीक्षण किए जाने पर सहमति बनी। इस संबंध में एक बार फिर सभी समाज प्रमुखों एवं व्यापारियों के साथ पुलिस अधीक्षक एवं स्थानीय प्रशासन की 15 मई को अग्रसेन भवन में बैठक होगी। जिसमें शहर में जाम की स्थिति से निपटने पार्किंग स्थल का चिन्हांकन और अतिक्रमण हटाने की कार्ययोजना तैयार करने के आवश्यक सुझाव लिए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने शहर के व्यापारियों से अपील की है कि सामान रोड़ पर बाहर न निकाले एवं दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके। बता दें कि भविष्य में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। इसके आलावा नाबालिगों के वाहन चलाने पर परिजनों के खिलाफ व प्रेसर हॉर्न,ट्रिपल सवारी जैसे मामलों पर भी पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई किए जाने के संकेत दिए गए हैं।



यातायात व्यवस्था पर व्यापारियों से चर्चा करते एसपी।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल से दो बाइक चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अंदर से एक साथ दो बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दरिमा अमलभिट्ठी निवासी महादेव नामक युवक 11 मई को अपने परिजन से मिलने के लिए बाइक क्रमांक सीजी 04 डीवी 9132 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल आया था इस दौरान उसने अपनी बाइक महिला वार्ड के गेट के सामने खड़ी की थी और जब वह परिजन से मिलकर लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। इसी तरह जरहागढ़ निवासी समीर खान 11 मई को अपनी बाइक सीजी 15 डीएम 6864 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया था और बाइक को महिला वार्ड पानी टंकी के सामने खड़ा किया था। इस दौरान युवक की बाइक भी चोरी हो गई।

## भारवाही पशुओं के उपयोग पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 30 जून तक रहेगा प्रतिबंधित, नियम का उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

। जिले में भीषण गर्मी एवं तेज धूप की स्थिति को देखते हुए जिला पशु चिकित्सा विभाग द्वार भारवाही पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस हेतु विभाग द्वारा आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भारवाही पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा टांगा, बैलगाड़ी, भैसागाड़ी पर वजन ढोने को प्रतिबंधित कर दिया है। यह आदेश पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण "परिवहन एवं कृषिक पशुओं" पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के नियम 6(3) के तहत जारी किया गया है।

इस संबंध में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि जिलों में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान निरंतर बना रहता है। इस दौरान भारवाही पशुओं के उपयोग करने से पशु अधिक तापमान से बीमार हो सकता है अथवा लू के कारण उनकी मृत्यु भी हो सकती है। नियम 6 (3)₹ के अनुसार जिला जशपुर के सीमा अंतर्गत दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच पशुओं का उपयोग दिनांक 01.05.2024 से 30.06.2024 तक प्रतिबंधित किया जाता है।



## सचिव ने किया गांवो में दौरा



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते सचिव राणा।

**जशपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश सिंह राणा ने गांवों का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास के निर्माण का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। अपूर्ण आवास को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने और हितग्राहियों को समय से किस्त की राशि जारी किए जाने के लिए निर्देशित किए। कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेमते के आश्रित ग्राम पंडरीपानी एवं ग्राम पंचायत हर्राडांड का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास के पूर्ण एवं निर्माणाधीन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव में बन रहे आवास के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों से चर्चा की ,आवास निर्माण में आई लागत, समय से प्राप्त किस्त की राशि एवं निर्माण ⏭ शेष पेज 4 पर

## सर्पदंश पीड़ितों को मिल रही तत्काल मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में सर्पदंश से पीड़ति लोगों को अब तत्काल मदद के साथ ही बेहतर उपचार भी मिल रहा है। जिला प्रशासन की पहल से सर्पदंश से पीड़ति लोग अब बैगा, गुनिया छोड़ अस्पताल पहुंच रहे हैं ।

बगीचा के ग्राम रूपसेरा निवासी 25 वर्षीय अंकित उम्र 24 की सर्पदंश की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया गया । इसी तरह 40 वर्षीय महिला श्रीमती कर्मी बाई पति अर्जुन राम ग्राम गुरमाकोना निवासी को भी सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया गया । जिसके पश्चात दोनों पीड़तों को तत्काल एंटी वेनम के साथ ही स्वास्थ्य सुविधा दी गई। जिसके बाद पीड़तों की सेहत बेहतर है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सांप के काटने पर लोग अस्पताल से पहले झाड़फूंक का सहारा लेते थे। लेकिन जिला प्रशासन की पहल से अब लोगों में न सिर्फ जागरूकता आई बल्कि सर्पदंश से पीड़ति लोगों को तत्काल अस्पताल लाया जा रहा है। जिससे पीड़ति को तत्काल मदद व बेहतर उपचार भी मिल रहा है।



सर्पदंश के मामले को लेकर जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाती रही है। जिसके परिणाम स्वरुप लोगों इलाज के साथ ही सर्पदंश से बचाव के लिए पूर्ण रूप से जागरूक हो रहे हैं।

सर्पदंश से पीड़ितों के बचाव के लिए अस्पतालों में करीब एंटी स्नैक वेनम डोज रखे गए हैं। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंजेक्शन का स्टॉक है। जन जागरूकता टीम द्वारा लगातार आमलोगों से सांप काटने पर अस्पताल लाने की अपील की जा रही है साथ ही जागरूक किया जा रहा है। ताकि समय पर इलाज कर मरीज की जान बचाई जा सके।

## उद्यानिकी सूचना केंन्द्र का शुभारंभ

**जशपुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र,कुनकुरी के तहत ग्राम-पंचायत गीनाबहार में सूचना केन्द्र का उद्घाटन अधिष्ठाता डॉ. रविन्द्र तिग्गा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता ने छात्रों एवं उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण उद्यानिकी कार्य अनुभव कार्यक्रम का उदेश्य उद्यानिकी स्नातक की पढ़ाई कर रहे छात्रों को ग्रामीण किसानों से संपर्क कर उद्यानिकी एवं कृषि संबंधित समस्याओं से परिचित होना, संबंधित समस्यों का आधुनिक एवं वैज्ञानिक तरीकों से समाधान करना तथा उद्यानिकी/कृषि क्षेत्र की वर्तमान एवं उभरती मांगों को देखते हुए छात्रों में पेशेवर दक्षता एवं आत्म विश्वास का विकास करना है। इस अवसर पर उपस्थित कृषक साथियों नें उद्यानिकी फसलों में आ रही समस्याओं पर छात्रों के साथ परिचर्चा किया। छात्रों द्वारा क्षेत्र में उपलब्ध फलों एवं सब्जियों से बने प्रसंस्कृत उत्पादों की प्रदर्शनी दिखाई गई जिसमें किसानों ने विशेष रूचि दिखाई। इसके साथ ही आधुनिक कृषि तकनीकों को छात्रों ने मॉडल के माध्यम से किसानों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन बी एस सी उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्र दीपक साहू द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान सुरेश कुमाार,(सहायक प्राध्यपक), डॉ. दीपक कुमार जायसवाल, डॉ. सुभी सिंह, डॉ. राजकुमारी सिंह, अभिमन्यु पटेल सहित सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण किसान उपस्थित रहें।

### संकल्प जशपुर, कुनकुरी व पत्थलगांव में 9 वीं प्रवेश परीक्षा पांच केन्द्रों में सम्पन्न

# 120 सीट के लिए परीक्षा में बैठे 2252 परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 मई को जिला मुख्यालय में पांच केन्द्रों में सम्पन्न हुई। परीक्षा हेतु कुल 2525 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से कुल 2252 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुएं।

इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि परीक्षा केन्द्र शासकीय बालक उ.मा.विद्यालय जशपुर में कांसाबेल, बगीचा में आवेदन पत्र जमा करने वाले 368 परीक्षार्थी बैठें। इसी तरह स्वामी



प्रवेश परीक्षा में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

आत्मांनद नवीन आदर्श उ.मा.विद्यालय जशपुर केन्द्र में फरसाबहार, जशपुर में आवेदन पत्र जमा करने वाले 438 परीक्षार्थी बैठें। परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.विद्यालय गम्हरिया में मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एवं संकल्प कुनकुरी में आवेदन पत्र जमा करने वाले 681 परीक्षार्थी बैठें। परीक्षा केन्द्र शा.म.ल.बा.क.उ.मा.वि. जशपुर में विकासखण्ड पत्थलगांव, संकल्प पत्थलगांव में आवेदन पत्र जमा करने वाले 625 परीक्षार्थी बैठे । परीक्षा केन्द्र संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में संकल्प जशपुर में आवेदन पत्र जमा करने वाले 140 परीक्षार्थी बैठे। परीक्षा का आयोजन आज प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक हुआ। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में मूल्यांकन कार्य सम्पादित किया गया एवं शाम को परीक्षा परिणाम संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। कांऊसलिंग के लिए अलग से सूचना दी जायेगी। नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 03 बालक एवं 02 बालिका पहाडी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के होगें। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं , संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं ,को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले सभी ⏭ शेष पेज 4 पर

## भाजपा मंडल कार्यालय का विधायक रायमुनी ने किया शुभारंभ

**जशपुर।** प्रवासी विधायक के रूप में रांची पहुंची जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने हटिया मंडल में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए लोकसभा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत रांची के प्रवास पर है,यहां प्रवासी विधायक के रूप में चुनावी कमान संभालते हुए विधायक ने हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हटिया मंडल के कार्यालय का फीता काट विधिवत उद्घाटन किया। कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करते हुए श्रीमती भगत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्यकर्ता ही रीढ़ की हड्डी होते हैं,यहां कार्यकर्ताओं का भरपूर सम्मान किया जाता है और योग्यता के आधार पर छोटे छोटे कार्यकर्ताओं को बड़ा पद भी मिलता है,चुनाव में कार्यकर्ता ही बूथ और शक्ति केंद्र तक पहुंच मतदाताओं में पार्टी के प्रति विश्वास जता मतदान कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिलाता है।लोकसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अतुल्य है,सभी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में विश्वास जताते हुए मतदान करने बूथ व शक्ति केंद्र तक जाएं और भाजपा के पक्ष में मतदान करें।



13- May- Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/13/2024 8:18 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दूसरे की संस्कृति, खानपान, रहन सहन को समझने के उद्देश्य से राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की जोड़ी की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, संघ राज्य क्षेत्रों के लोगों के बीच बातचीत और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। राज्य भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और भोजन, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने आदि के क्षेत्रों में एक सतत और संरचित सांस्कृतिक संबंध को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे की गतिविधियों का आयोजन करते हैं। इसी कड़ी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय एनटीपीसी कोरबा में की गई। प्राचार्य सुनील कुमार साहू ने कहा कि आज हमारी संस्कृति और विरासत को संजो कर रखने की जरूरत है, नई पीढ़ी को यह बतलाना है कि, हमने इतने महान देश में जन्म लिया। संचालन 12वीं के छात्र अक्षय पाठक ने किया, विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक लखन राम, अमित धिरते और संगीत शिक्षक अशोक देवांगन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्रीमती अर्चना खरे, श्रीमती संगीता रानी दास की उपस्थित रहीं। आभार व्यक्त प्रदर्शन अमित धीरते ने किया।

### परिवार नियोजन के लिए निजी अस्पतालों को करना होगा आवेदन

**कोरबा।** निजी अस्पताल, नर्सिंग होम द्वारा महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के संचालन हेतु कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार नियोजन महिला एवं पुरुष कार्यक्रम के संचालन हेतु निजी चिकित्सालयों एवं नर्सिंग होम को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा मान्यता लेना आवश्यक है। इस वर्ष परिवार नियोजन कार्यक्रम संचालन हेतु इच्छुक निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम संचालकों को आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज सीएमएचओ कार्यालय में आवेदन करना होगा। साथ ही पूर्व में मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय, नर्सिंग होम को पुनः आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### नवीन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम हेतु समिति गठित

**कोरबा।** सड़क परिवहन और राजमार्ग, मंत्रालय द्वारा पूर्व में लागू की गई तोषण स्कीम 1989 के स्थान पर नवीन टक्कर मार भागना मोटर यान दुर्घटना पीड़ति प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है, जिसके तहत जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। गठित समिति अंतर्गत दावा निपटान आयुक्त हेतु जिला कलेक्टर अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। साथ ही सदस्यों में जिला पुलिस अधीक्षक, जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, अध्यक्ष द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट सड़क सुरक्षा पहलुओं से संसक्त लोक या स्वैच्छाया संगठन का कोई सदस्य, सदस्य सचिव के रूप में साधारण बीमा परिषद् द्वारा नामनिर्दिष्ट अधिकारी तथा दावा जांच अधिकारी के रूप में अनुविभागीय दण्डाधिकारी शामिल होंगे।

### हाइवा की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहे ग्रामीण को पीछे आ रहे हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। शहर से लगे ग्राम केपी बाबूपारा निवासी बंधु गिरी आ. स्व. पहटिया गिरी (75 वर्ष) शनिवार की शाम शहर से भिक्षाटन कर पैदल घर जा रहा था। जैसे ही ग्राम हसुली के समीप पहुंचा तभी शहर की ओर से राजपुर की ओर जा रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 डीजे 4125 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### 3989 मेगावाट से बढ़कर 6148 मेगावाट तक पहुंची बिजली की डिमांड

# बीते पांच वर्षों में पिकआवर के दौरान बिजली की डिमांड में 35 फीसदी की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में पीक अवर यानी अधिकतम मांग अवधि में बिजली की खपत मे साल दर साल बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बात करें पिछले 5 सालों की तो प्रदेश में पिक आवर के दौरान बिजली की डिमांड में 2159 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2019-20 में जहां प्रदेश में बिजली की डिमांड 3989 मेगावाट रही जो वर्ष 2023-24 मे बढ़कर 6148 मेगावाट के करीब पहुंच रही है।

**खास बात**

- डिमांड को पूरा करने सेंट्रल सेक्टर का लेना पड़ रहा सहारा

उल्लेखनीय है कि बीते वित्तीय वर्ष में पीक अवर के दौरान बिजली की औसतन मांग 6148 मेगावाट रही। जो कि राज्य में यह अब तक की सर्वाधिक मांग थी। डिमांड के मुकाबले बिजली की उपलब्धता भी 6148 मेगावाट रही। लगातार बिजली की बढ़ती डिमांड विद्युत कंपनी प्रबंधन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। प्रदेश में बिजली की डिमांड में तो बढ़ोतरी हो रही है पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की क्षमता जस की तस बनी हुई है। कंपनी के एचटीपीपी, डीएसपीएम व मड़वा संयंत्र को मिलाकर कुल उत्पादन क्षमता 2840 मेगावाट है। हालांकि इकाईयो में आ रही तकनीकी खराबी की वजह से समय समय पर इसमें भी गिरावट दर्ज की जाती है। राज्य सरकार द्वारा नए संयंत्र को लेकर योजना तो बनाई गई पर अब तक एचटीपीपी संयंत्र परिसर में प्रस्तावित 1320 मेगावाट क्षमता वाले संयंत्र का निर्माण कार्य शुरु नहीं किया जा सका है। हालांकि संयंत्र के भूमिपूजन के बाद जनसुनवाई का भी आयोजन पूरा कर लिया गया है। बावजूद इसके संयंत्र निर्माण को लेकर कोई कवायद देखने को नहीं मिल रही है। यही वजह है कि प्रदेश में बढ़ती बिजली की डिमांड को पूरा करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से मिलने वाली बिजली का सहारा लेना पड़ रहा है। मांग व आपूर्ति में अंतर सामान्य बनी रहे इसके लिए मजबूरी में महंगे दरों मे बिजली खरीदनी पड़ रही है।


फाइल फोटो

**वर्षवार पीकअवर के दौरान विद्युत मांग के आंकड़े**

| वर्ष | डिमांड (मेगावाट में) |
|---|---|
| 2019- 20 | 3989 |
| 2020- 21 | 4682 |
| 2021- 22 | 5019 |
| 2022- 23 | 5399 |
| 2023- 24 | 6148 |

**प्रदेश में सबसे गर्म रहा कोरबा**

जिले का अधिकतम तापमान दो डिग्री बढकर 43.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इसी तरह रात के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की वृद्धि हो गई। दिनभर धूप व बादल आते-जाते रहे। भले ही धूप थोड़ी कम लगी लेकिन उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार आगे भी मौसम के करवट लेने की संभावना है, जिससे कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश होने की गतिविधियां भी बढने की संभावना है। एक साइक्लोन मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है, जो छत्तीसगढ़ के मौसम को परिवर्तित करेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह और शाम को बादल छाए रहने की संभावना है। प्रदेश में अभी सर्वाधिक तापमान कोरबा जिले में 43.3 डिग्री दर्ज हुआ है जबकि रायगढ़ 39.9 और बेमेतरा 39.6 डिग्री के साथ खूब तप रहे हैं। अन्य जिलों का अधिकतम तापमान फिलहाल 40 डिग्री के नीचे बना हुआ है।

# पुलिस ने चोरी के डीजल से भरा टैंकर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल की खदानों में डीजल चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खदानों की सुरक्षा पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। वहीं प्रबंधन ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। सूत्रों की माने तो डीजल चोरी की घटना खदान में लगातार हो रही है। उसके बाद भी ऐसे मामलों में प्रबन्धन सख्त कदम उठाने में असमर्थ नजर आ रहा है। खदान में गाड़ियों के घूसने का कोई अलग से रास्ता नही है। फिर गाड़िया खदान में किस स्थान से जा रही है और किस रास्ते से चोरी के डीजल को ले जाने वाली गाड़ियां बाहर आ रही है। इस पूरे खेल में कोई न कोई अधिकारी की मिलीभगत है जिसके कारण चोर अपनी गाड़ियों को लेकर खदान में पहुंच रहे है और चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद खदान से बाहर भी आ रहे है जबकि आम आदमी अपनी चारपहिया वाहन को लेकर खदान के अंदर नही जा पा रहा है। उसके लिए परमिशन की आवश्कता होती है ऐसे में चोर अपनी गाड़ियों को लेकर खदान में बिना किसी परेशानी के घुस रहे है। खदान के भीतर मौजूद भारी वाहनों से बड़े पैमाने पर डीजल की चोरी शुरू हो गई है, जिसका ताजा उदाहरण रविवार की दोपहर देखने को मिला जहां त्रिपुरा रायफल्स, विभागीय सुरक्षाकर्मी और कुसमुंडा पुलिस की टीम ने कुसमुंड़ा खदान के भीतर डीजल से भरा टैंकरा पकड़ा। हालांकि टैंकर चालक और उसमें सवार लोग मौके से भाग खड़े हुए। डीजल में सैकड़ों लीटर डीजल पाया गया है। कहीं न कहीं डीजल चोर आदर्श चुनाव आचार संहिता के बीच अपने मंसूबों को कामयाब करने में लगे हैं लेकिन इस मामले में सबसे बड़ा सवाल ये है कि कड़ी सुरक्षा के बीच डीजल टैंकर खदान के भीतर घुसा कैसे। इस मामले में कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों का हाथ हो सकता है। डीजल चोरी को रोकने एसपी ने काफी कड़ाई कर दी है, बावजूद इसके डीजल चोरी कई सवालों को जन्म दे रही है।

# सड़क निर्माण अधूरा, राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से कुसमुंडा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर फोरलेन बनाने का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। संबंधित ठेकेदार निर्माण कार्य को मंद गति से कर रहा है। सड़क पर बीच-बीच में कई जगह निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। छूटे मार्ग पर भारी वाहनों के चलने से धूल तो उड़ ही रहा है, इसके कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। कई बार उड़ती धूल के कारण सामने से आ रही वाहनों पर पता भी नहीं चलता और उससे टकराने के कारण दुर्घटना भी घटित हो जाती है।

निर्माणाधीन कुसमुंडा मार्ग में 24 घंटे कोयला लोड भारी वाहनों का दबाव रहता है। सड़क पर गाड़ियां तेज रफ्तार में दौड़ रही है। गाड़ियों की कोल डस्ट सड़क पर गिर रही है। वहीं हाल ही में मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर मिट्टी डाला गया है। इसे भी व्यवस्थित नहीं किया गया है। मिट्टी के धूल सड़क पर जम गई है। इस बीच भारी वाहनों के तेज रफ्तार में दौड़ने से धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे भारी वाहनों के पीछे आ रहे दो पहिया, ऑटो, चार पहिया, बस, सिटी बस सहित अन्य वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। सबसे अधिक दिक्कतें दो पहिया वाहनों को हो रही है। आंखों पर धूल के कण जाने से परेशानी हो रही है। चौक-चौराहे की जर्जर सड़क और धूल की वजह से कई बार चालक वाहन का नियंत्रण संभाल नहीं पाते। इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन न तो सड़क की सफाई पर ध्यान दे रहे हैं और पानी छिड़काव पर गंभीरता दिखाई जा रही है। जबकि इस मार्ग से बरमपुर, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार सहित अन्य उप नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र से लोग देर रात तक आवाजाही करते हैं।



**एक्सीडेंटल जोन साबित हो सड़क**

कुछ दिन पहले ही सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा मुख्य मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर दो हादसे हुए। इस दौरान भारी वाहन चालकों को चोंटे आई है। इस तरह की दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है। निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर सर्वमंगला चौक, बरमपुर चौक और कसुमुडा चौक के पास निर्मित सड़क और जर्जर सड़क की ऊंचाई अधिक है। इस कारण कई बार वाहनों के पहिए सड़क पर फंस जाते है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### सर्पदंश से बिगड़ी युवक की हालत, अस्पताल में मौत

**कोरबा।** खाना खाने के बाद दोस्तों के साथ गली में बैठकर बातचीत कर रहे एक युवक को सांप ने डस लिया। उसे इसकी भनक नहीं लगी। थोड़ी देर बाद युवक की हालत खराब होने लगी। उसे आनन-फानन में पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक ने दम तोड़ दिया। घटना बांगो थाना क्षेत्र के लोड़ीबहरा की है। गांव में रहने वाला संतोष कुमार रात भोजन करने के बाद दोस्तों के साथ गांव की गली में बैठकर बातचीत कर रहा था। इस बीच उसे किसी जीव ने पीछे से काट लिया। संतोष को लगा कि उसे किसी जहरीले जीव ने काट लिया है। उसने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। थोड़ी देर बाद संतोष की हालत खराब होने लगी। उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। तब परिवार के सदस्यों को सर्पदंश की जानकारी मिली। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। दूसरे मामले में व्यस्त होने के कारण डॉयल 112 की टीम मौके पर नहीं पहुंची। घंटे भर इंतजार के बाद ग्रामीण संतोष बाइक पर बैठाकर पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचे। तब तक उसकी सांसे थमने लगी थी। इलाज के दौरान संतोष ने दम तोड़ दिया। डॉक्टर ने बताया कि जिस समय संतोष को अस्पताल लाया गया था। सांप का जहर उसके शरीर में फैल चुका था।

# सीजी बोर्ड रिजल्ट के बाद छात्र अब महाविद्यालय में प्रवेश की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया 15 जून से शुरू होगी, किंतु सीजी रिजल्ट घोषित होने के बाद महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर एक बार फिर मारा-मारी मचने की स्थिति निर्मित होगी। बीते चार वर्ष से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा स्नातक स्तर में सीटों की संख्या को नहीं बढ़ाने के कारण अब फिर से बीते वर्ष जैसी स्थिति निर्मित होगी। हायर सेकेंडरी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या बीते वर्ष से अधिक है।

जिले में 12 शासकीय अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। इन महाविद्यालयों में कई संकाय अभी भी शुरू नहीं हुए हैं, तो वही कुछ कॉलेजों में संकाय तो शुरू किए गए हैं, लेकिन छात्र नहीं मिल रहे हैं। प्रवेश को लेकर सर्वाधिक आवेदन पीजी कॉलेज व मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में पहुंचते हैं। बीते वर्ष सितंबर महीने तक प्रवेश की प्रक्रिया चली थी। पीजी कॉलेज में जिन प्रोफेसनल कोर्स का संचालन शुरू किया गया है उनमें भी अधिक आवेदन आने की वजह से मेरिट सूची के अंक ऊपर रहते हैं। पूर्व में स्नातक स्तर की कक्षाओं में प्रवेश को लेकर तकनीकी दिक्कतें सामने आती थी, लेकिन जैसे जैसे प्रोफेसनल कोर्स की डिमांड बढ़ने लगी वैसे-वैसे प्रोफेसनल कोर्स में भी प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। यही स्थिति केएन कॉलेज व मिनी माता गर्ल्स कॉलेज कटघोरा के मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय में भी है। इनके अलावा करतला, भैसमा, पाली व जटका, दीपका, बांकीमोंगरा, हरदीबाजार में भी कॉलेज संचालित है। प्रवेश को लेकर पिछले वर्ष से इन कॉलेजों में भी आवेदन पहुंचने लगे हैं। बांकीमोंगरा महाविद्यालय में सभी संकाय की सीटें प्रथम वर्ष से ही फुल चल रही हैं।



फाइल फोटो

**शहर में एक और कॉलेज की दरकार**

औद्योगिक शहर में तीन शासकीय कॉलेज संचालित हैं। जिनमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज है, शेष मिनीमाता व पीजी कॉलेज हिंदी माध्यम है। प्रवेश को लेकर इन दोनों कॉलेजों के सभी संकाय में मेरिट सूची में कटअप मार्क अधिक होने के कारण प्रवेश कई छात्रों को नहीं मिल पाता। ऐसे में शहर में एक और शासकीय कॉलेज की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि लगातार छात्रों की संख्या बढ़ने के कारण प्रवेश मिल सके। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल में चलने वाले शासकीय महाविद्यालयों में सभी तरह के संकाय शुरू करने की आवश्यकता है ताकि शहर के कॉलेजों में भीड़ कम हो सके।

# नर्सेज डे पर बीएमएस ने अस्पताल की परिचायिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों द्वारा समाज में किए जाने वाले योगदान को चिह्नित करने के लिए यह मनाया जाता है गेवरा दीपका क्षेत्र में अस्पतालों में जाकर बीएमएस संगठन ने कार्यक्रम आयोजित कर अस्पताल स्टाफ का सम्मान किया।

दीपका क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय परिचारिका दिवस के अवसर पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के द्वारा प्रगति नगर डिस्पेंसरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका के सभी स्टाफ नर्स बहनों को अंग वस्त्र, गुलाब फूल व मिष्ठान वितरण कर सम्मान किया गया। संगठन के अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने बताया कि नर्सेस के योगदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए नर्सेस डे मनाया जाता है। अस्पताल की परिचयिका सेवा के रूप में जानी जाती है जिसके लिए सम्मान के हकदार है।

कार्यक्रम में श्यामल दास लक्ष्मण चंद्रा, रमेश गुरुद्वान, मनोज सिंह, संजय पांडे, बनवारी लाल चंद्रा, शिव शंकर शुक्ला, संदीप मानिकपुरी, डालचंद सोनी, सरजू रत्नाकर, संतोष पटेल, अनिल सिंह मनोज दास और लक्ष्मी देवांगन समेत संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


नर्सों को पुरस्कृत करते बीएमएस के पदाधिकारी।

# बालको ने लक्ष्य से 5 लाख टन एल्यूमिनियम अधिक किया उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के उत्पादन में उछाल आया है। बालको ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया है। जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा 5 लाख 69 हजार टन था।

जिले में स्थित बालको संयंत्र की अधिकृत उत्पादन क्षमता 5 लाख 70 हजार टन सालाना है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 5 लाख 82 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया था। कंपनी ने लक्ष्य से अधिक पांच लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम का उत्पादन दर्ज किया। यहां बताना होगा कि बालको में स्मेल्टर संयंत्र के विस्तार परियोजना का काम चल रहा है। आने वाले समय में बालको की एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता बढ़कर 10 लाख टन सालाना से अधिक हो जाएगी। 12 सौ एवं 540 मेगावाट क्षमता वाला विद्युत संयंत्र भी प्रचालन में है। वेदांता समूह का ओडिशा के झारसुगड़ा में 18 लाख टन एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता वाला स्मेल्टर संयंत्र स्थित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस संयंत्र से 17 लाख 81 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया गया है।

### महाराष्ट्र में आयोजित थी नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# 80 वर्षीय राय ने नेशनल वेटरंस गेम में हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

80 वर्ष आयु के बुजुर्ग दृश्य मन में आते ही निःशक्त व्यक्ति की तस्वीर सामने आ जाती है लेकिन इस अवधारणा को बुजुर्ग बीएल राय ने मिथक साबित किया है। उन्होंने हाल ही में मास्टर एथलेटिक्स आफ महाराष्ट्र द्वारा विद्या विहार पूर्व मुंबई में 43वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शामिल होकर मैन 75 प्लस में लांग जंप में भाग लिया। राय ने लांग जंप में 2.84 मीटर जंप लगाकर चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे। जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया।


प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बी एल राय।

एमपी नगर निवासी बी एल राय बालको के सेवानिवृत्त कर्मी व सृष्टि मेडिकल कालेज में स्पोर्ट्स टीचर तथा बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के सदस्य हैं। 80 वर्षीय श्री राय में खेल के प्रति आज भी जुनून है। जहां कहीं भी मास्टर एथलिट आयोजित होती है वहां वे भाग लेने पहुंचते हैं। मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में जहां हर उम्र व आयु वर्ग के करीब ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी देशभर से पहुंचे थे। वहीं वेटरन खिलाड़ियों की संख्या भी कम नहीं थी। छत्तीसगढ़ से संभवतः वे एकलौते खिलाड़ी थे जिन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीतने में सफल रहे। श्री राय ने बताया कि अगले जून में अयोध्या में मास्टर एथलीट आयोजित होने वाली है जिसमें भाग लेने की तैयारी में जुटे हुए हैं। मेडल जीतकर वापस लौटने पर एमपीनगर कालोनी में रहने वाले बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के पदाधिकारियों ने उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी कई गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। बालको से सेवानिवृत्त होने के बाद वे खेल शिक्षक के रूप में विभिन्न निजी शिक्षण संस्थाओं में सेवाएं देते रहे हैं। वर्तमान में सृष्टि मेडिकल कालेज में स्पोर्ट्स टीचर के रूप में सेवा दे रहे हैं। बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ व सृष्टि मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि वे किसी तरह का नशा पान नहीं करते हैं। उन्हें अगर कोई नशा है तो केवल खेलने का। देश के किसी भी कोने में वेटरंस टूर्नामेंट होने की सूचना पर वे उसमें शामिल होना चाहते हैं, जिसकी वजह से वे फिट हैं। यूं कहें कि यह नशा ही उनकी फिटनेश का राज है तो कोई गलत नहीं होगा।

### यूजीसी नीट के आवेदन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** यूजीसी नीट-2024 के आवेदन की तारीखें बढ़ा दी हैं। अब 15 मई तक फॉर्म भरे जा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 10 मई थी। इसके तहत फीस जमा करने की आखिरी तारीख 17 मई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कि ओर से यूजीसी नेट 18 जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह 16 जून को होने वाली थी। दरअसल, यूपीएससी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 16 जून को होनी है। कई अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं में शामिल होना चाहते थे। इसके चलते छात्र विरोध कर रहे थे। जूनियर रिसर्च फेलोशिप सहायक प्रोफेसर की पात्रता के अलावा इस बार पीएचडी में प्रवेश के लिए भी यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। नए नोटिफिकेशन के मुताबिक कैंडिडेट्स 15 मई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# दुष्कर्म के आरोपी को मिली 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दुष्कर्म के एक मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी युवक को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया है तथा 1 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। घटना फरवरी 2023 की बताई जा रही है। कोरबा में रहने वाले एक युवती अपनी सहेली के साथ कनकी मेला गई थी। मेले में उसकी मुलाकात चंदन विश्वकर्मा नाम के युवक से हुई थी। दोनों एक-दूसरे से बातें करने लगे थे। युवक का युवती के घर आना-जाना भी था। मार्च 2023 को युवती घर में अकेली थी। इस बीच चंदन उसके घर पहुंच गया। उसने युवती से जोर जबरदस्ती का संबंध बनाया और घटना की जानकारी परिवार वालों को देने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी युवती ने कई दिनों तक परिवार से जानकारी छिपाई। इस बीच युवक उसे परेशान करता रहा कि घटना की जानकारी माता-पिता को दी। पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। इसकी सुनवाई कोरबा के फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी। न्यायाधीश ने चंदन को दोषी ठहराते हुए 10 साल कैद में रखने की सजा सुनाया।

**खास बात**

- कनकी मेला में हुई थी मुलाकात



# अनूप हुए डीपफेक का शिकार लाखों लोगों ने देखा फर्जी वीडियो

**मुंबई।** डीपफेक वीडियोज के वायरल होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। एआई की मदद से उनकी फोटो और आवाज को कॉपी कर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। अब अभिनेता अनूप सोनी इसका शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका एक डीपफेक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आईपीएल का सट्टा लगाने की बात कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने डीपफेक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। अनूप ने एक बयान में कहा, 'यह पूरी तरह से फर्जी वीडियो है, और हम सभी को सतर्क रहना होगा कि इन दिनों चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा रहा है। अनूप सोनी के इस फर्जी वीडियो पर लाखों व्यूज आए हैं।

## लाइफ Style



# जान्हवी

## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेड माही' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका हैं। इसके ट्रेलर को स्टार स्पोर्ट्स हिंदी और यूट्यूब पर कुछ ही घंटों पहले रिलीज किया गया था।

साथ ही फिल्म के इस वीडियो को जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इसके वीडियो को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज होते ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म से पहले दोनों ने फिल्म 'रूही' में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों की जोड़ी को फैंस ने बेहद पसंद किया था। मिस्टर एंड मिसेज माही में दोनों को फिल्म में अपने सपनों और फर्ज के बीच जूझते हुए दिखाया गया है।


मिसेज माही को क्रिकेटर बनने के लिए मिस्टर माही अपने परिवार से भी बगावत कर बैठते है। फिल्म का ट्रेलर जैसे ही जान्हवी ने अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया तभी से फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, 'फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।' एक यूजर ने लिखा, ''ट्रेलर में ही पूरी फिल्म की कहानी क्यों दिखा दी।'' एक और फैन ने लिखा, 'इस पूरे गाने को सुनने के लिए बेकरार हूं।'

## हॉलीवुड मसाला




# कान्स में होगी 'कूकी' की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजेलिस।** असम में बनी हिंदी फीचर फिल्म 'कूकी' की कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में स्क्रीनिंग होगी, जो 28 जून को रिलीज होगी। 'कूकी' की स्क्रीनिंग 21 मई को पैलेस एच में होने वाली है। निर्माता जुनमोनी देवी खौंड ने कहा, 'मैं अपनी पहली फीचर फिल्म 'कूकी' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह प्लेटफॉर्म न केवल सिनेमाई कला का जश्न मनाता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो जरूरी वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं।'



# जस्टिन बीबर-हैली के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**लॉस एंजेलिस।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अपने शानदार गानों की बदौलत अपने करोड़ों फैंस के दिलों पर सालों से राज करते आ रहे हैं। अपने गानों के साथ साथ बीबर अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी बिजी में रहते हैं। हाल ही में सेलेब्रिटी सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खुशखबरी देते हुए बताया है कि उनके घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। जस्टिन बीबर की पत्नी और मॉडल हैली बीबर जल्द ही मां बनने जा रही है। इस बात का खुलासा जस्टिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के जरिए ये खुशखबरी साझा की है। इस वीडियो के आते ही दुनिया भर में जस्टिन के फैंस और दूसरे सेलेब्रिटीज की बधाइयों का तांता लग गया है।



# बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी ...


**मुंबई।** दो साल की दोस्ती के बाद, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 2018 में डेटिंग शुरू की। अंकिता-विक्की ने अप्रैल 2021 में पारंपरिक तरीके से शादी की। अंकिता ने अक्सर मां बनने की इच्छा जाहिर की है। बिग बॉस 17 में जब वह आई थीं तब भी उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाया था। शो में कई बार उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलें लगीं। शो से बाहर आने के बाद भी उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए गए, लेकिन सब सिर्फ अफवाह साबित हुई। अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि वह और विक्की अक्सर बेबीज को लेकर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा बेबीज के बारे में बात करते हैं। जब मुझसे बच्चे पैदा करने की इच्छा के बारे में पूछा जाता है तो मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी।'



# खौफनाक गुफा में शूट की थी गुना

**मुंबई।** 'फिल्मी फ्राइडे' में कमल हासन की उस फिल्म की कहानी जानिए, जिसके कारण गुना गुफाएं और उनकी दहशत की कहानी दुनियाभर में छा गई थी। कमल हासन को चेतावनी दी गई थी कि वह 'गुना' की शूटिंग वहां न करें। कमल हासन की 33 साल पुरानी इस फिल्म से चर्चा में आई थी डरावनी गुना गुफा। कमल हासन ने शूट के वक्त सड़क बनवाई थी। 'फिल्मी फ्राइडे' में उस फिल्म की कहानी बताने जा रहे हैं, जिसके कारण खतरनाक गुना गुफाएं चर्चा में आ गईं। इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर हाल ही मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' बनाई गई। 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को पब्लिक डिमांड पर हाल ही ओटीटी पर हिंदी समेत अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया गया।

## टीवी मसाला




# माधुरी के लिए एक्शन अवतार में आए सुनील

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी और माधुरी दीक्षित इन दिनों छोटे पर्दे के शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस बीच मेकर्स ने शो का एक धमाकेदार नया प्रोमो जारी किया है। इसमें अभिनेता एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। कलर्स टीवी की ओर से हाल ही में साझा किए गए इस वीडियो में दो लोग माधुरी का अपहरण करते नजर आते हैं। वहीं, अभिनेत्री जोर जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। तभी नाटकीय ढंग से सुनील शेट्टी की एंट्री होती है और वे माधुरी को बचाकर उन्हें अपने साथ लेकर चले जाते हैं। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, 'माधुरी से मुलाकात करने के लिए सुनील को करनी पड़ी मुक्का-लात।' इसके अलावा एक अन्य प्रोमो वीडियो में सुनील शेट्टी माधुरी को उपहार देते नजर आते हैं। सुनील शेट्टी जल्द ही एक एक्शन से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं। यह मल्टीस्टारर फिल्म इसी साल के आखिर में रिलीज होने वाली है। वहीं, माधुरी दीक्षित को आखिरी बार फिल्म मजा मा में देखा गया था। यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

## अनुपमा में नहीं होगी तोषू की मौत

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' ट्रेंड में बना हुआ है। दरअसल, शो में आ रहे ट्विस्ट और शो के कलाकारों की वजह से लोग सोशल मीडिया पर इस शो के बारे में बातें कर रहे हैं। शो में तोषू का किरदार निभाने वाले



अभिनेता आशीष मेहरोत्रा के जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि 'अनुपमा' में तोषू की मौत हो जाएगी। कुछ लोगों का मानना है कि मेकर्स तोषू को उसके कर्मों की सजा देंगे और उसका एक्सीडेंट हो जाएगा। हालांकि, इसी बीच दावा किया जा रहा है कि आशीष मेहरोत्रा की जगह मेकर्स किसी और को तोषू बनाकर लेकर आने वाले हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशीष मेहरोत्रा की जगह अब गौरव शर्मा तोषू के किरदार में नजर आएंगे। बता दें, गौरव शर्मा इससे पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नजर आ चुके हैं। उन्होंने समृद्धि शुक्ला, गर्विता साधवानी और रोहित पुरोहित के शो में कैमियो किया था। उन्होंने राजन शाही के इस शो में युवराज का किरदार निभाया था।

# 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन कल से...

**लॉस एंजिलिस।** 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन इस साल 14 मई से 25 मई के बीच किया जा रहा है। यह 'फेस्टिवल' 70 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' में विश्व भर के कलाकार अपने फैशन और हुस्न का जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। इस बार 'कान फिल्म महोत्सव' 14 मई से 25 मई के बीच मनाया जाएगा। आइए जानते हैं



## बेहतरीन फिल्मों का किया जाता है चयन

विश्वभर में प्रतिष्ठित इस समारोह का आयोजन हर साल मई महीने में फ्रांस के कान्स शहर में होता है। इसकी शुरुआत साल 1946 में हुई थी। इस समारोह में साल की सबसे बेहतरीन फिल्म का का चयन किया जाता है और उसका जश्न मनाया जाता है। यह विश्व भर के निर्देशकों, निर्माताओं, कलाकारों और फिल्मी दुनिया की हस्तियों के मिलने का एक स्थान भी बन गया है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' अपने रोचक और शानदार आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यह फिल्मी दुनिया से जुड़े कई तरह के आयोजन कराता है। लोग अपनी फिल्म और फैशन का प्रदर्शन इस समारोह में करते हैं। यहां पर हम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में होने वाले कुछ प्रमुख आयोजनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

# मातृ दिवस पर फिल्मी सितारों ने लुटाया मां पर प्यार

**मुंबई।** रविवार 12 मई को पूरे विश्व में मातृ दिवस मनाया गया। इस दिन लोग अपनी मां के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान प्रकट करते हैं। इस विशेष अवसर पर हिंदी सिनेमा के सितारों ने अपनी मां के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।

***संजय दत्त :*** हिंदी सिनेमा के अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री



'नरगिस' की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान को जाहिर किया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'उस महिला को 'मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं, जिसने मुझे बिना शर्तों के और करुणा के साथ रहना सिखाया। मां तुम्हारी आत्मा मेरे दिल में बसे प्यार में रहती है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद! आपको ढेर सारा प्यार!'

***बाबिल खान :*** दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने भी अपने माता -पिता के साथ



कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में अभिनेता इरफान खान और उनकी मां दिख रही हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'सुतापा सिकदर के बिना कोई इरफान नहीं होता। सुतापा सिकदर के बिना कोई अयान नहीं होता। अगर सुतापा सिकदर नहीं होती तो कोई बाबिल नहीं होता। हर दिन मातृ दिवस है।'

***टाइगर श्रॉफ :*** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी मां के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। साझा की तस्वीरों में वह बहुत



खुश नजर आ रहे हैं। स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'मातृ दिवस की शुभकामनाएं।'

***हेमा मालिनी :*** दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने एक्स अकाउंट पर मां के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी मां के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी मां के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूं, जो जीवन भर मेरे लिए चट्टान की तरह खड़ी रहीं और



जिन्होंने वर्षों तक मेरे भाग्य को आकार दिया। वह मुझ पर नजर रखती हैं और ऊपर से मेरा मार्गदर्शन करती रहती हैं। अम्मा को धन्यवाद।'

## वो मांएं, जिनके लिए 'हैवान' बने बेटे...

# किसी ने हड़पी संपत्ति तो किसी ने मां को पीटकर मार डाला

*मुंबई। कहते हैं कि मां भगवान का रूप होती है। मां के आंचल में स्वर्ग का अहसास होता है। एक मां अपनी औलाद को सुख देने और हर दुख से बचाने के लिए जो कुर्बानी देती है, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मां का ऋण तो कोई औलाद जन्मों-जन्मों में भी नहीं चुका सकती। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कुछ मांएं बदनसीब रहीं। माओं ने अपनी जिन औलादों को कोख में 9 महीने तक रखा, अपने खून से सींचा, उन्होंने ही उन्हें मौत के मुंह तक धकेल दिया। कुछ ने संपत्ति के चक्कर में मां को घोर यातनाएं दीं तो किसी ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर मार डाला।*


**निरूपा रॉय :** सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की सबसे चहेती मां रहीं एक्ट्रेस निरूपा रॉय की। जिस एक्ट्रेस ने फिल्मी पर्दे पर मां का दर्दभरा रूप दिखाया, जिसे देख दर्शकों की भी आंखें नम हो जाती थी, उसी को अपने ही बेटों के हाथों टॉर्चर झेलना पड़ा। निरूपा रॉय ने गुजराती फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी और बॉलीवुड में उन्होंने तकरीबन 10 फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। वह शशि कपूर भी मां बनीं। लेकिन निरूपा रॉय को उनके ही बड़े बेटे योगेश ने पीटा और संपत्ति के लिए लड़ा। छोटे भाई किरण ने बड़े भाई योगेश पर मां की संपत्ति हड़पने और मारपीट व टॉर्चर



का आरोप लगाया था। छोटे भाई ने एक इंटरव्यू में बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनका बर्ताव मां के लिए अच्छा नहीं था। वह उन्हें टॉर्चर करते थे। इसीलिए मां ने उन्हें संपत्ति में बराबर का हकदार नहीं रखा था। निरूपा रॉय की 13 अक्टूबर 2004 को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी और उससे पहले उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बांट दी थी। जिस मास्टर बेडरूम पर झगड़ा हो रहा था, उसे उन्होंने और पति कमल रॉय छोटे बेटे किरण को दे दिया था। जब विवाद बढ़ा तो छोटे बेटे ने बड़े बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी हथियाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।




**कासियाम्मल :** साउथ फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस कासियाम्मल के साथ जो हुआ था, वह हैवानियत की हदें पार करने वाला था। कासियाम्मल को उनके ही बेटे ने शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटा मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांगता था, लेकिन एक्ट्रेस ने देने से इनकार किया तो बेटे ने उन्हें बुरी तरह पीटकर मार डाला था। कासियाम्मल की मौत 4 फरवरी 2024 को हुई थी। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद कासियाम्मल के बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया गया था कि बेटा पी. नमकोदी मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। इसी बात पर उनका झगड़ा हुआ। बेटे ने गुस्से में मां को लाठी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, और तब तक पीटता रहा जब तक मां कासियाम्मल के प्राण-पखेरू नहीं उड़ गए।



**प्रिया राजवंश :** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रिया राजवंश ने भले ही अपनी कोख से औलाद पैदा नहीं की थी, पर उन्होंने सौतेले बेटों को खूब लाड़-प्यार दिया था। प्रिया राजवंश ने देव आनंद के भाई और फिल्ममेकर चेतन आनंद से शादी की थी, जो पहले से शादीशुदा थे और उनके दो बेटे भी थे। पर प्रिया राजवंश को क्या पता था कि पति की मौत के बाद दोनों बेटे उनके खून के प्यासे हो जाएंगे। प्रिया राजवंश की 27 मार्च 2000 को उनके बंगले में लाश मिली। उनके कत्ल का आरोप दोनों सौतेले बेटों पर लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेतन आनंद के बेटों विवेक और केतन ने बंगले के दो नौकरों के साथ मिलकर सौतेली मां प्रिया राजवंश की हत्या कर दी। चारों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें सजा भी मिली थी। पर बाद में दोनों बेटों को रिहा कर दिया गया था।

**गीता कपूर :** मीना कपूर की फिल्म 'पाकीजा' में नजर आईं गीता कपूर भी बदकिस्मत रहीं। साल 2019 में गीता कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो दिनों तक उनकी लाश अस्पताल में पड़ी रही, पर बेटा या घर-परिवार से कोई नहीं पहुंचा। गीता कपूर का बेटा राजा, जोकि एक कोरियोग्राफर है, वह उन्हें अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गया। जब घर जाकर पता किया तो वहां ताला लगा मिला और बेटा परिवार के साथ वहां से चंपत हो गया। गीता कपूर की बेटी एयरहोस्टेस थी, लेकिन उसने भी मां की सुध नहीं ली। बेटा और बेटी दोनों ही मां को लावारिस छोड़कर चले गए थे। फिल्ममेकर रमेश तौरानी और अशोक पंडित ने गीता कपूर का ख्याल रखा था। गीता को बेटे राजा के नाम के सिवाय कुछ याद नहीं था। वह आखिरी दिनों तक उसके लिए तड़पती रहीं।



## खबर संक्षेप

### ऐंडू पुल से राबर्टसन साईड़िंग तक सड़क नहीं बना तो होगा आन्दोलन

**रायगढ़।** राबर्टसन रेल्वे साइड़िंग से ऐंडू पुल तक की सड़क काफी जर्जर हो गई है। जिसमें आवागमन करने वाले राहगीरों में हमेशा भय बना रहता है। उसके बाद भी इस सड़क को नया बनाने के लिए कोई पहल नहीं कि जा रही है। इस सड़क को लेकर अब स्थानीय जनप्रतिनिधि आन्दोलन करने की तैयारी कर रहे है।ग्राम देहजरी, भालूनारा, नवागांव, पामगढ़, रजघट्टा, छोटेडूमरपाली व बड़ेडूमरपाली के जनप्रतिनिधि विजय राठिया, लीलाधर राठिया, तारेन्द्र डनसेना, खेमलाल नागवंशी, बसंत डनसेना, बेदप्रकाश डनसेना, पूरन डनसेना, साधराम राठिया, सुकुल पटेल, पूरन पटेल, बाबूलाल राठिया, निलाम्बर मालाकार, डिगम्बर डनसेना, व बोधराम नागवंशी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी करते हुए बताया गया है। कि राबर्टसन रेल्वे स्टेशन से भालूनारा, देहजरी तक ग्रामीणों के आवागम के लिए सड़क बनाया गया है। लेकिन इस सड़क पर सैकड़ों आड़ानी कम्पनी की कोयला ट्रक चल रही है। इस कारण राबर्टशन रेल्वे स्टेशन से ऐंडू पूल तक सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है। हमारे दर्जनों गांवों के ग्रामीण, स्कूली बच्चे व अन्य राहगीर आवागमन करते रहते है। इस सड़क में आवागमन करने पर हमेशा कोई बड़ी दुर्घटना होने का भय बना रहता है। उसके बाद भी इस सकड़ को नया बनाने के लिए आड़ानी कम्पनी के द्वारा कोई पहल नही कि जा रही है।

### आयोजन में बचे हुए भोजन का उचित प्रबंध करें

**सारंगढ़।** गर्मी के दिनों में अक्सर शादी जैसे समारोह का आयोजन बड़ी संख्या में किया जाता है। इसके साथ.साथ अन्य समारोह जैसे छठी, जन्मोत्सव, वर्षगांठ, दशकर्म, तेरहवी एवं अन्य प्रकार की धार्मिक अनुष्ठानों में भी बहुतायत मात्रा में भोज का आयोजन किया जाता है। ऐसे भोज में बचे हुए रोटीए चावलए सब्जी आदि को बाहर फेंक दिया जाता है, जिसे मवेशियों द्वारा अधिक मात्रा में खाने पर उनकी जान भी चली जाती है। इन परिस्थितियों को देखते हुए आयोजकों को बचे हुए भोजन पर ध्यान देने की जरूरत है। बचे हुए अधिक मात्रा के खाने का उचित प्रबंध नहीं करने पर मवेशियों के लिए खतरा है। उल्लेखनीय है कि कई बार अलग अलग स्थानों के अलग अलग आयोजनों में मवेशियों के साथ यह घटना घट चुकी है।

### नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में महिला को गिरफ्तार

**रायगढ।** जूटमिल पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी के साथ बालिका को गलत तरीके से घर में छिपाकर रखने वाली आरोपी महिला श्रीमती सुमित्रा ओग्रे पति हरिश्चंद्र ओग्रे उम्र 40 साल निवासी टारपाली वार्ड क्रमांक 11 थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी संजय ओग्रे द्वारा 13 मार्च को थाना जूटमिल क्षेत्र की नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर अपने घर टारपाली ले गया था। जहां आरोपी संजय ओग्रे की मां श्रीमती सुमित्रा ओग्रे बालिका को नाबालिक जानते हुए 13 मार्च से 10 अप्रैल तक घर में छिपाकर रखी थी। जूटमिल पुलिस द्वारा बेटे के अपराध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल रही आरोपिया श्रीमती सुमित्रा ओग्रे के विरूद्ध प्रकरण में धारा 368 विस्तारित कर आरोपिया को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। विदित हो कि आरोपी संजय ओग्रे को जूटमिल पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के निर्देश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया। बीते 09 मई को स्थानीय युवती अपने परिजनों के साथ थाना में आकर मोनू बंधन पिता स्व भोलानाथ बंधन उम्र 30 साल निवासी रायगढ़ के विरुद्ध आवेदन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ीता ने बताया कि 05 मई की रात्रि मोनू बंधन घर आकर जबरदस्ती बलपूर्वक दुष्कर्म किया।

## साइकिल दुकान से मिली भारी खेप, जूटमिल पुलिस की कार्रवाई

# नाबालिगों को सोल्यूशन बेचने वाला दुकान संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस ने नाबालिगों को टायर के पंचर बनाने मे उपयोग किए जाने वाले सोल्यूशन को बेचने वाले साइकिल दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। दुकान संचालक के पास भारी मात्रा में सोल्यूशन की खेप बरामद की गई है। इसी का उपयोग नाबालिकों द्वारा नशे के लिए किया जाता है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत होंडा शो रूम के समीप रश्मि साइकिल स्टोर के संचालक सुनील अग्रवाल के द्वारा नाबालिगों को सोल्यूशन बेचने की शिकायत पर जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज द्वारा कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके कब्जे से भारी मात्रा में सोल्यूशन की बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी सुनील अग्रवाल पिता रेखचंद अग्रवाल उम्र 38 वर्ष के खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। सूत्रों ने इस बारे में बताया कि आरोपी काफी लंबे समय से नाबालिगों को सोल्यूशन की बिक्री कर रहा है। बता दें कि टायरों के पंचर बनाने में उपयोगी यह सोल्यूशन नशे के लिए कई नाबालिग व बालिक युवकों द्वारा उपयोग किया जाता है।



### शहर के कई दुकानों मे धड़ल्ले से हो रही बिक्री

इस संबंध में सूत्रों ने बताया कि शहर में कई साइकिल दुकान हैं जहां सोल्यूशन को धड़ल्ले से नाबालिगों को बेचा जाता है। कूड़ा कचरा बीनने वाले ज्यादातर नाबालिग इसे नशे के रूप में उपयोग करते आसानी से देखे जा सकते हैं।

### सस्ता होने से नशे में अधिक उपयोग

बताया जा रहा है कि ऐसे नाबालिगों के लिए नशे का सबसे सस्ते माध्यम यही है। जो उन्हें बिना किसी रोक टोक के आसानी से मिल जाता है। क्योंकि इसका उपयोग पंचर बनाने में गोंद के रूप में किया जाता है। ऐसे में यह कई साइकिल दुकानों में आसानी उन्हें मिल जाता है।

## 7 ई-टिकट के साथ पकड़ा गया टिकट दलाल



**रायगढ।** आरपीएफ ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अड़भार निवासी एक टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 7 ई टिकट बरामद किए गए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ को मुखबीर से बाजार चौक में स्थित एक दुकान में ई टिकटों की बिक्री अधिक कीमत करने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना के आधार पर अडभार पुलिस के सहयोग से आरपीएफ उप निरीक्षक संजय एस ने स्टाफ के साथ बाजार चौक देवॉगन मोहल्ला मे स्थित श्री श्याम कृपा ऑनलाईन सेन्टर में दबिश दी। जहां दुकान संचालक मिला, पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश्वर प्रसाद पिता भुवनेश्वर उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6 बताया। रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में पूछताछ करने एवं इलेक्ट्रॉनिक समानों का जांच करने पर देखा गया कि राजेश्वर प्रसाद स्वयं के मोबाईल द्वारा व्यक्तिगत यूजर आईडी से 7 नग पूर्व रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाया है। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत अपराध दर्ज करते हुए 7 रेल ई टिकट तथा सुसंगत इलेक्टॉनिक उपकरणों जब्त कर जांच में लिया गया।



## प्रतिबंध के बाद भी लोग पहुंच रहे पचाधारी एनीकट, एसपी से शिकायत

**रायगढ़।** गोवर्धनपुर स्थित एनीकट में लोगों के नहाने आदि पर प्रतिबंध लगाया गया है। किंतु इस प्रतिबंध का असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रहा है। वहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं इस स्थान पर असामाजिक तत्वों भी जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष रवि यादव ने प्रतिबंध के बाद भी यहां आने वाले लोगों पर 1 हजार रूपए जुर्माना लगाने व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए एसपी से शिकायत की है।

■ जुर्माने की राशि 1 हजार करने व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

गौरतलब है कि गोवर्धनपुर के पास पचधारी एनीकट में पानी में डूबने से पूर्व में करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। वहीं इस जगह पर स्नान आदि पर भी प्रशासन ने प्रतिबंध लगाते हुए ऐसा करते पाए जाने पर 200 रूपए जुर्माना लगाने को निर्देश भी दिया है। यानी इस जगह को जिला प्रशासन ने प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। किंतु इसके बावजूद भी लोग यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में नहाने के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा यहां रोजाना शराब खोरी भी की जा रही है साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात भी मचाया जा रहा है। बता दें कि यहां कई लोगों के मोबाइल, पर्स से लेकर मोटरसाइकिल तक चोरी हो चुकी है। कांग्रेस ब्लॉक युवा अध्यक्ष रवि यादव और युवाओं ने प्रतिबंध के बावजूद लोगों के नहाने और अनैतिक कार्य करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। शिकायत में कहा गया है कि रोजाना यहां असामाजिक तत्वों को जमावड़ा लग रहा है। इसके साथ ही मारपीट, लूटपाट व चोरी की घटनाएं हो रही हैं। शिकायतकर्ताओं ने 200 के जुर्माने की राशि को बढ़ाते हुए 1 हजार रुपए करने और अनैतिक कार्य करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## एनईएस कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में अर्जित किए बेहतर अंक

**जशपुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर ने एमए समाजशास्त्र, तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर नगर के समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए।



महाविद्यालय की छात्रा कु फुलसीता मिंज 77% अंक लाकर प्रथम स्थान पर, कु अनुकंपा मिंज 75% अंक लाकर द्वितीय स्थान, तथा कु संतोषी भगत 73% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की साथ ही तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी का अंक प्राप्त किए हैं ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते पूरे विभाग को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा कहा कि समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया। समाजशास्त्र एक ऐसा विषय है जो जशपुर जिले में अनुसंधान के क्षेत्र में नई-नई तकनीक के माध्यम से कार्य कर सकते हैं , सामाजिक कुप्रथा को दूर करने में भी समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएं समय-समय पर बाल विवाह रोकथाम और भी विभिन्न विषयों पर जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष जे.आर. भगत ने भी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में अनुसंधान के क्षेत्र में नया करने के विषय में बच्चों को मार्गदर्शन दिए। समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने लघु शोध एवं परियोजना कार्य के लिए भी जशपुर में स्थित शारदा पर्यटन का भ्रमण करके वहां के ग्रामीण समस्याओं के बारे में समझते हुए समस्याओं का निराकरण किस प्रकार से किया जाये। उस विषय पर कार्य कर रहे हैं।छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित की प्रेरणा और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जे. आर. भगत, अतिथि विद्वान विद्यावती भगत तथा अतिथि विद्वान शालिनी गुप्ता के कुशल अध्यापन व मार्गदर्शन को दिया।

एनईएस महाविद्यालय में समाजशास्त्र का द्वितीय वर्ष है इसमें चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने लघु शोध विषय के लिए जशपुर जिले के उरांव, बिरहोर,कोरवा जनजातियों के विषय में गहनता पूर्वक अध्ययन कर उन जनजातियों के अंतर्गत होने वाले विवाह पद्धति, उनकी संस्कृति रहन-सहन, शैक्षणिक योग्यता के विषय में शोध कर लघु शोध प्रबन्ध रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं और नियमित अध्यापन के साथ ही नियमित टेस्ट ,ग्रुप डिस्कशन, सेमिनार ,सामाजिक कुप्रथाओं पर जागरूकता अभियान और भी विभिन्न गतिविधियों पर समय-समय पर जागरूकता रैली व कार्यक्रम चलाया जाता है।

## शादी का प्रलोभन देकर महिला का शारीरिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना चक्रधरनगर में स्थानीय महिला द्वारा हरदीप सिंह शेरगिल निवासी नेतनागर, रायगढ़ के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता बताई कि अक्टूबर 2022 में हरदीप का रिश्ता शादी के लिए आया हुआ थाए तभी से हरदीप पीछे पड़ गया। पीड़िता बताई कि वह रायगढ़ से राउलकेला गई तो वहां भी हरदीप पहुंच गया। जहां दोनों साथ में कुछ फोटो खिंचाएए इन फोटो को रिश्तेदारों को दिखाकर शादी कहीं और नहीं होने दूंगा कहकर धमकी देने लगा और अप्रैल 2024 में शादी का दबाव बनाकर चक्रधरनगर में किराया मकान लेकर पत्नी की तरह रखा। महिला बताई कि हरदीप को शादी के लिए कहने पर अब शादी से इंकार कर दोनों के फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी देता है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा पीड़िता के आवेदन पर धारा 376, 506, 323 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पीड़िता का मेडिकल कराकर



महिला विवेचक से पीड़िता का विस्तृत कथन कराया गया। साथ ही आरोपी के फरार होने की संभावना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी हरदीप सिंह को हिरासत में लिया गया जिससे उसका मोबाइल की जब्ती कर आरोपी हरदीप सिंह शेरगिल पिता दलबीर सिंह शेरगिल उम्र 28 साल निवासी नेतनागर हाल मुकाम चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को गिरफ्तारी के कारणों की जानकरी देकर रिमांड पर पेश किया गया। जहां से उसे जेल वारंट पर जेल भेजा गया है। आरोपित पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद भी अवैध ईंट भट्ठे पर नहीं हो रही कार्रवाई

**पामगढ़।** पामगढ़ विकासखंड के ग्राम भुईगांव में 5 सालो से 10 एकड़ शासकीय गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा और बिना पर्यावरण प्रदूषण की एनोसी के चिमनी ईट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इसकी जांच भी हो चुकी है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद भी अभी तक ईट भट्ठा संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। दरसल, भुईगांव में गांव के युवकों ने अवैध रूप से चिमनी ईट भट्ठा चलाए जाने को लेकर कलेक्टर और उप मुख्यमंत्री अरुण साव से शिकायत की थी। जिस पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने जांच करने के निर्देश दिए। जिसमे पामगढ़ एसडीएम को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया था। कुछ माह पूर्व जांच टीम मौके पर पहुंची हुई थी इस दौरान ईट भट्ठा संचालक से दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। जिसमे चिमनी ईट भट्ठा संचालन को कोई वैध कागज नही होना और जिला प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार की अनुमति नहीं होना, पर्यावरण प्रदूषण को लेकर किसी प्रकार की एनओसी नहीं होना पाया गया। वही 10 एकड़ शासकीय गौचर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर ईट बना कर रखा होना पाया गया जो की अवैध कब्जे की श्रेणी में आता है।

## पेयजल समस्या निराकरण हेतु मोबाइल नंबर जारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले के लोक यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के तुरंत निराकरण और सुचारू संचालन एवं संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07768.233089 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2024 तक के लिए प्रभावी है।

सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी उप अभियंता के आर सूर्यवंशी नियुक्त हैंए जिनका मोबाइल नंबर 8602103054 है। इसी प्रकार सारंगढ़ और बरमकेला नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर इंद्रदेव साहू नियुक्त है जिनका मोबाइल नंबर 7000 182661 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में सहायक अभियंता मनोज दाकोड़े को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 8109200800 है। बिलाईगढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के सहायक के रूप में डाटा एंट्री ऑपरेटर रविशंकर सोनी को नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नंबर 7240951085 है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसे प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत कराएंगे एवं शिकायत का तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर प्रखंड कार्यालय सारंगढ़.बिलाईगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत और सुझाव इन स्थानों पर दर्ज किया जा सकेगा।

## सूने घर का ताला तोड़कर नकदी व जेवर पार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** सुने घर का ताला तोड कर चोरी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपए नगदी और चांदी के जेवर बरामद किए गए है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाना निवासी गंगोत्री बाई कंवर 22 मार्च को घर का ताला बंद कर अपनी भतीजीन रिद्धी कंवर के यहा चली गई थी। वह 23 मार्च की सुबह अपने घर लौटी तो सामने दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पेटी मे नगदी रकम 22 हजार एवं चांदी के चैन एक नग एंव चांदी का साटी,सोना का लाकेट एक नग सोना का फुल्ली एक नग नथनी सोने का एक नग की चोरी हो गई थी। मामले की रिपोर्ट उसने अकलतरा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि घटना दिनांक को गांव के विजय कर्ष को प्रार्थिया के घर के आसपास घुमते देखा गया था जो घटना दिनांक से फरार है। संदेही की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से पता चला कि संदेही विजय कर्ष गांव मे आया है।

## सट्टापट्टी लिख रहे पांच आरोपी गिरफ्तार 10 नकद सहित 3 मोबाइल जब्त

**रायगढ़।** चक्रधर नगर जूटमिल पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए सट्टा पट्टी लिख रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांचों सटोरियों से करीब 10 हजार रुपए नकद और तीन मोबाइल जब्त किए गए है।



इसी कड़ी में शनिवार को पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर साइबर सेल, थाना चक्रधरनगर एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर पुलिस ने सक्रिय किए गए मुखबीरों से सूचनाएं लेकर शहर में छापेमार कार्यवाही की गई जिसमें सट्टा पट्टी नोट कर रहे 05 आरोपियों को पकड़ा गया है जिनके कब्जे से 'नगद 9, 460 रूपए लाखों की सट्टा पट्टी और 3 मोबाइल' की जप्ती की गई है।
चक्रधर नगर पुलिस टीम ने बोईरदादर चौक के पास आरोपी योगेश बरेठ पिता सुरीत बरेठ उम्र 29 साल निवासी ग्राम सरवानी थाना बरमकेला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम विजयपुर थाना चक्रधरनगर को पकड़ा जिससे 2,100 नगद और एक मोबाइल जब्त किया गया है। दूसरी कार्रवाई में बोईरदादर मां मेडिकल स्टोर के पास आरोपी सुनील यादव पिता गोपाल यादव उम्र 31 साल निवासी पंडरी पानी थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ को पकड़ा गया जिससे 2,300 नगद और दो मोबाइल की जब्ती की गई है। जूटमिल क्षेत्र में पुलिस टीम की रेड पुलिस टीम ने आरोपी भूपेंद्र पटेल पिता अनुज पटेल उम्र 25 साल निवासी कबीरचौक रायगढ़ को कबीर चौक के पास पकड़ा गया जिससे 1,720 रुपए आरोपी जय किशन पिता चंद्रहास निषाद उम्र 19 साल निवासी कोड़ातराई जूटमिल को बीमा अस्पताल टी स्टॉल के पास पर सट्टा नोट करते पकड़ा गया जिसके कब्जे से 1,650 रुपए एवं आरोपी शहाबुद्दीन पिता शहानुद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी गांधीनगर जूटमिल को बीमा अस्पताल के पास पकड़ा गया जिसकी कब्जे से 1,690 रुपए की जप्ती की गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज, साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह, बृजलाल गुर्जर, रेणु मंडावी सिंह, आरक्षक प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर, विकास प्रधान, विक्रम सिंह, सुरेश सिदार, प्रताप बेहरा, नवीन शुक्ला, रविंद्र गुप्ता, थाना जूटमिल के प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, थाना चक्रधर नगर के प्रधान आरक्षक रवि साय शामिल थे।

पृष्ठ 1 का शेष

### सचिव ने किया...

के विभिन्न स्तर पर जनपद एवं जिला स्तर पर मिलने वाले सहयोग के संबंध में जानकारी ली। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री राजेश सिंह राणा ने हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया ।निरीक्षण के दौरान मनरेगा के चल रहे कार्यों एवं हितग्राहियों को समयबद्ध मजदूरी प्रदान किए जाने के संबंध में भी हितग्राहियों से चर्चा की। साथ ही समस्त अपूर्ण आवास को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने एवं हितग्राहियों को समय से किस्त की राशि जारी किए जाने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत से जिला समन्वयक, तकनीकी सहायक एव जनपद,ग्राम पंचायत स्तर के अमले मौजूद रहे।

### 120 सीट के ...

विद्यार्थियों को आईआईटी ,नीट परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। प्रवेशित सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदाय की जाती प्रवेश परीक्षा उपरान्त उसी दिन प्राप्तांक की जानकारी संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है । प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची जिले के लिए नियमानुसार आरक्षण रोस्टर के आधार पर तैयार की जायेगी। तत्पश्चात पात्र अभ्यर्थियों को उनके प्रावीण्य क्रम के आधार पर एक सीट के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को कांउसलिंग के लिए बुलाया जायेगा ।




मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)